**Deendayal Upadhyaya Gorakhpur University, Gorakhpur ,UP.India**
**Media and Public Relations Office**

दिनांक: 05 / 02 / 2023

**प्रकाशनार्थ**

इस वर्ष भारत की अध्यक्षता में आयोजित होने वाले जी–20 सम्मेलन के यूनिवर्सिटी कनेक्ट कार्यक्रम के अंतर्गत उच्च शिक्षा विभाग के तत्वावधान में दीन दयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय में आगामी 7 फरवरी को विभिन्न प्रतियोगिताएँ आयोजित की जा रही है। इसमें विश्वविद्यालय परिसर के विद्यार्थी प्रतिभाग कर सकेंगे। प्रतियोगिताओं के श्रेष्ठ चयनित प्रतिभागियों की प्रविष्टियां प्रदेश स्तर पर मूल्यांकन एवं चयन में सम्मिलित होंगी।

यह जानकारी देते हुए जी–20 यूनिवर्सिटी कनेक्ट कार्यक्रम के संयोजक प्रो हर्ष कुमार सिन्हा ने बताया कि निबन्ध प्रतियोगिता का विषय "जी–२० : सतत कृषि पद्धतियाँ" है। प्रतिभागियों को 70 मिनट में अधिकतम 400 शब्दों में यह निबन्ध लिखना होगा। यह प्रतियोगिता 7 फरवरी को कृषि संकाय में प्रातः 11.30 बजे से आयोजित होगी।

भाषण प्रतियोगिता का विषय " जी 20 रू भारतीय संस्कृति और नयी जीवन शैली" है।प्रतिभागियों को 3 मिनट का समय दिया जायेगा। यह प्रतियोगिता 7 फरवरी को गणित और सांख्यिकी विभाग के कक्ष संख्या 220 में अपराहन 1 बजे से आयोजित होगी।

इसी श्रृंखला में पेंटिंग और रंगोली प्रतियोगिता का विषय ष्वसुधैव कुटुम्बकम" निर्धारित किया गया है ।प्रतिभागी अपने साथ कला सामग्री स्वयं लाएंगे और उन्हें 30 मिनट का समय दिया जाएगा।यह प्रतियोगिता कला और संगीत विभाग में प्रातः ११ बजे प्रारम्भ होगी।

Mahendra Kumar Singh
Media and Public Relations Officer
Deen Dayal Upadhyaya Gorakhpur
University, Gorakhpur